Downloaded From :http://cbseportal.com/

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र—2019

## चित्रकला

### (आलेखन)

### (केवल प्रश्नपत्र)

### कक्षा—12

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 100**

**निर्देशः** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**सूचनाएँ—**

(i) तीनों खण्डों के प्रश्न अनिवार्य हैं। खण्ड 'क' में वस्तुनिष्ठ प्रश्न, खण्ड 'ख' में आलेखन और खण्ड 'ग' में से किसी एक का चित्र बनाना है।

(ii) आलेखन में इकाईयों को कम से कम दो अथवा तीन आवृत्तियों में बनाइये। स्केच पेन का प्रयोग वर्जित है।

(iii) खण्ड 'क' में किसी एक का चित्र बनाना है सभी के अंक समान हैं वस्तु चित्रण, प्रकृति चित्रण, स्मृति चित्रण अथवा प्राकृतिक दृश्य चित्रण।

(iv) ड्राइंग शीट के ऊपरी दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में स्पष्ट लिखिये तथा कक्ष निरीक्षक से उस पर हस्ताक्षर भी करायें।

(v) दिये गये पारदर्शी कागज (Tracing Paper) पर भी अपना अनुक्रमांक लिखिये और उसे उत्तर—पत्र के साथ संलग्न कीजिए।

### खण्ड—'क'

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

### (Objective Type Questions) 10 अंक

1— निम्नलिखित प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के चार विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिये और अपनी उत्तर—पुस्तिका में क्रमानुसार स्पष्ट लिखियेः—

(i) रेखा क्या है?

(अ) पैमाने से खींची जाने वाली (ब) आकृति बनाने वाली

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : UP Board

Downloaded From : http://cbseportal.com/



(स) दो बिन्दुओं के बीच की दूरी (द) चित्र तैयार करने वाली

(ii) निम्नलिखित में से द्वितीयक रंग कौन–सा है?

(अ) नीला (ब) लाल

(स) नारंगी (द) पीला।

(iii) छत के केन्द्र के लिये कौन सा आलेखन उपयुक्त होगा?

(अ) प्राकृतिक आलेखन (ब) केन्द्रीय आलेखन

(स) कोने का आलेखन (द) किनारी का आलेखन

(iv) आलेखन का सबसे महत्वपूर्ण अंग जो उसे सम्पूर्णता प्रदान करता है?

(अ) लयात्मक रेखायें (ब) सीधी रेखायें

(स) टेढ़ी रेखायें (द) खड़ी रेखायें

(v) प्राथमिक अथवा मुख्य रंग कुछ कितने है?

(अ) तीन (ब) दो

(स) छः (द) सात

(vi) इन्द्र–धनुष में कितने रंग होते हैं?

(अ) छः (ब) आठ

(स) सात (द) नौ

(vii) गरम रंग कौन सा है?

(अ) लाल (ब) नीला

(स) हरा (द) धानी

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : UP Board

Downloaded From : http://cbseportal.com/



(viii) ठण्डा रंग कौन सा है?

(अ) हरा (ब) बैंगनी

(स) पीला (द) लाल

(ix) कौन–सी पेंसिल से बनाई गयी रेखा अधिक काली होगी?

(अ) H (ब) HB

(स) 2B (द) 2H

(x) निम्नलिखित में से कौन–सा तटस्थ रंग है?

(अ) सफेद–काला (ब) हरा–लाल

(स) नीला–पीला (द) इनमें से कोई नहीं।

**खण्ड 'ख'**

**आलेखन (Design) अनिवार्य 60 अंक**

2– 28 सेमी x 18सेमी के आयत में रजाई के लिये एक सुन्दर मौलिक आलेखन तैयार कीजिये। इसके आन्तरिक स्थान को सुन्दर रूपों में विभाजित कीजिये उक्त आलेखन में किसी भारतीय पुष्प, उसकी पत्तियों एवं कलियों पर आधारित हो। उसमें यथास्थान किसी पशु अथवा पक्षी की आकृति का समावेश कीजिये। उत्तम संगति के साथ तीन रंगों का प्रयोग की जिये। रंग व्यवस्था आकर्षक एवं चमकदार होनी चाहिये।

'अथवा'

एक 20 सेमी व्यास वाले वृत्ताकार में छत के उपयुक्त एक मौलिक आलेखन की रचना कीजिए आलेखन कमल का पुष्प या गुलाब का

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : UP Board

Downloaded From :http://cbseportal.com/



पुष्प, कलियों एवं पत्तियों पर आधारित हो। आलेखन यथास्थान किसी पशु अथवा पक्षी की आकृति का समावेश हो। आलेखन प्राकृतिक अथवा आलंकारिक हो। आलेखन को कम से कम तीन रंगों के माध्यम से पूर्ण कीजिये। रंगों में उत्तम संगति दर्शाइये। रंग व्यवस्था आकर्षक एवं नेत्र रंजक हो। निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिये–

(क) इकाइयों की मौलिकता एवं पुनरावृत्ति – 12

(ख) लयात्मक रेखांकन। – 12

(ग) उत्तम संगति एवं रंग योजना। – 24

(घ) सामान्य प्रभाव एवं आकर्षण। – 12

**खण्ड (ग) किसी एक का चित्र बनाना है।**

**वस्तु–चित्रण (Object Drawing)** 30 अंक

3– हैण्ड मेड पेपर, कार्ट्रिज अथवा पेस्टल कागज पर अपने सम्मुख रखी हुई वस्तुओं के समूह का चित्रण कीजिए तथा इसे पोस्टर रंग जलरंग, पेस्टिल रंग, ऑयल पेस्टिंग अथवा कलर पेन्सिल से बनाइये। चित्र 25 सेमी से छोटा न हो। वस्तु–समूह के साथ पृष्ठभूमि के अन्तर्गत वस्त्र विन्यास (Drapery) तथा अग्रभूमि का उचित चित्रण कीजिये।

वस्तुओं के समूह का चित्रण करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखिये:

(क) वस्तुओं का उचित आकार तथा उनका उचित अनुपात। –10

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : UP Board

Downloaded From : http://cbseportal.com/



(ख) वस्तुओं के वास्तविक रंग की समीपता को ध्यान में रखते हुये सही छाया, प्रकाश एवं प्रतिच्छाया का अंकन। —15

(ग) वस्तु संयोजन। —05

'अथवा'

## प्रकृति–चित्रण (Nature Study)

दिये गये ड्राइंग कागज पर आपके सामने रखे हुये पुष्प–पौधे में से कम से कम एक पुष्प, एक कली, चार पाँच पत्तियाँ एवं पुष्प टहनी का प्राकृतिक चित्रण इस प्रकार करें कि उसमें टहनियों के निकास कोण, रंग एवं रेशे उचित ढंग से चित्रित हुये दिखाई दे। चित्र को जलरंगों द्वारा पूर्ण कीजिए। प्रकृति चित्रण स्मृति से न बनाये। चित्र का आकार 20 सेमी से कम न हो। पुष्प की ताजगी एवं रंग और पत्तियों के रंग चित्र में प्राकृतिक रूप से दिखाने का प्रयास कीजिये।

निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखिये:

(क) पौधे का उचित आकार एवं प्राकृतिक रूप विन्यास —10

(ख) पारदशी एवं आकर्षक रंग योजना —15

(ग) प्राकृतिक सौष्ठव एवं निकास कोण —05

'अथवा'

## स्मृति–चित्रण (Memory Drawing)

दिये गये ड्राइंग शीट पर निम्नलिखित में से किसी एक का छाया, प्रकाश तथा प्रतिच्छाया युक्त चित्र प्रेन्सिल अथवा चारकोल से बनाइये। चित्र की माप लगभग 20 सेमी हो।

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : UP Board

Downloaded From :http://cbseportal.com/



(i) कप और प्लेट

(ii) दौड़ता हुआ घोड़ा

(iii) मोर या कबूतर

(iv) दो आम पत्तियों सहित।

'अथवा'

दृश्य–चित्रण (Landscape Painting)

दिये गये ड्राइंग शीट पर 1 सेमी का बार्डर छोड़ कर निम्नलिखित में से किसी एक का दृश्य–चित्रण तैयार कीजिये। चित्रांकन का माध्यम जल रंग, पोस्टर रंग अथवा अन्य कोई माध्यम हो सकता है। दृश्य–चित्र में मानव आकृति को उचित स्थान पर संयोजित करें:

(i) सूर्योदय के समय का ग्रामीण दृश्य।

(ii) पहाड़ी गाँव का सूर्यास्त दृश्य।

(iii) प्रातःकाल के समय झील में विचरण करती नौकाओं का दृश्य।

(iv) एक ग्रामीण दृश्य–चित्रण कीजिये, जिसमें नदी के किनारे अपने सिर पर घास का गट्ठर लिये घर लौटती एक ग्रामीण महिला, आकाश में कुछ पक्षी व झोपड़ियों के पीछे पेड़ों के समूह को दर्शाइये।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : UP Board

Downloaded From : http://cbseportal.com/



चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों पर विशेष ध्यान दीजिये–

(क) सही दृश्यांकन एवं परिप्रेक्ष्य –10

(ख) उपयुक्त संयोजन –05

(ग) सुसंगत रंगों का चयन एवं प्रयोग –10

(घ) वातावरण का सही चित्रांकन। –05

*****

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : UP Board